ADITYA VISION
ADITYA VISION ZIP
आदित्य विज़न
आदित्य विज़न ZIP

# Aditya Vision Limited

CIN : L32109BR1999PLC008783 | GSTIN : 10AAECA0801E1ZS
A BSE Listed Company

**September 09, 2022**

To
**BSE Limited**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers**
**Dalal Street**
**Mumbai-400001**

**Scrip Code:540205**

**Sub: Newspaper Advertisement-Disclosure under Regulation 30 and 47 of SEBI(Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations")**

Pursuant to Regulation 30 and 47 read with Schedule III Para A of Part A of SEBI(Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we enclose the copies of newspaper advertisement published in **Business Line (English)** and **Aj (Hindi) on September 09, 2022**, regarding Notice , Closure of Register of Members and Share Transfer books in compliance with Section 91 of the Companies Act, 2013 read with rules thereof and Regulation 42 of SEBI Listing Regulations and e-voting information, in compliance with section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended and Regulation 44 of SEBI Listing Regulations, for 23rd Annual General Meeting of the Company.

This is for your information and records.

Thanking You

Yours Faithfully

**For Aditya Vision Limited**

akanksha arya

Digitally signed by akanksha arya
DN: c=IN, o=Personal,
pseudonym=db31e2f0c84483fd018703238d5d724b1511c44f153f729708b7395f9bd003bf,
postalCode=802160, st=BIHAR,
serialNumber=0a2c147bf493a6075ae72fded9bd2564b3d970e7681f7e1305052875376e4118, cn=akanksha arya
Date: 2022.09.09 17:34:00 +05'30'

**Akanksha Arya**
**Company Secretary**

**Encl.: as above**

# उपमुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त व मृतकों के परिजनों को दी सेवांत राशि

## निगम क्षेत्र में कार्य कर चुके 31 कर्मियों के परिजनों को मिला नियुक्ति पत्र

**( आज समाचार सेवा )**

**पटना।** पटना नगर निगम द्वारा गुरुवार को कैंप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास आनंद किशोर मौजूद रहे। पटना स्मार्ट सिटी परिसर में इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री में इंट्रीकेट कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का जायजा लिया।

इसके साथ ही पटना नगर निगम में सेवानिवृत पेंशन कर्मियों एवं मृत कर्मियों के उत्तराधिकारियों को सेवांत लाभ राशि का भुगतान भी उप मुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री तेजस्वी यादव के हाथों किया गया। पटना नगर निगम के 241 कर्मियों को सेवांत लाभांश प्रदान किया जा रहा है। जिसमें 21 करोड़ 98 लाख 77 हजार 201 रुपये की कुल राशि आवंटित की जाएगी। उपमुख्यमंत्री द्वारा कुल 31 लोगों को नियुक्ति पत्र भी दिया गया। जिसमें 1 विद्यालय सहायक एवं 6 विद्यालय परिचारी तथा 24 नगर निगम के निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर कार्य कर चुके कर्मियों के परिजनों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। उप मुख्यमंत्री ने नगर निगम कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि यह एक सराहनीय कार्य है।



नौकरी सबका अधिकार है। सभी दायित्वों का निर्वाह अच्छे से करें। पटना नगर निगम इसके लिए बधाई का पात्र है।

प्रधान सचिव आनंद किशोर ने कहा कि सभी नगर निगम पदाधिकारी इस कार्य के लिए बधाई के पात्र है। बेहतर कार्य करते हुए ससमय सभी को नियुक्ति पत्र एवं सेवांत लाभ दिया गया।

## अगस्त में पूर्व मध्य रेल के समय पालन में उल्लेखनीय वृद्धि

पटना (आससे)। पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों के समयबद्ध परिचालन की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। इसी दिशा में कार्य करते हुए ट्रैकों का नवीनीकरण, ट्रेनों की गतिसीमा में वृद्धि, पुल-पुलियों का बेहतर रख रखाव जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए गए। इसके परिणामस्वरूप ट्रेनों के समय पालन में काफी सुधार हुआ है। अगस्त के आंकड़ों को देखा जाए तो पूर्व मध्य रेल में ट्रेनों के समय पालन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गयी और यह 91.34 प्रतिशत रहा जबकि वित्त वर्ष के प्रारंभ में अर्थात अप्रैल 2022 में समय पालन 86.52 प्रतिशत था। इस दौरान माल लदान में भी पूर्व मध्य रेल द्वारा उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। चालू वित्त वर्ष के प्रथम पांच माह अर्थात अप्रैल से अगस्त 2022 तक कुल 75.51 मिलियन टन माल की ढुलाई की गयी। यह ढुलाई पिछले वित्तीय वर्ष के समान अवधि (अप्रैल से अगस्त 2021) में की गयी माल ढुलाई 65.3 मिलियन टन की तुलना में 15.63 प्रतिशत ज्यादा है।

# भाजपा को सत्ता से ही नहीं, समाज से बेदखल करना लक्ष्य : दीपंकर

## साम्प्रदायिकता विरोधी नागरिक कन्वेंशन में जुटे महा गठबंधन के नेता

**फुलवारीशरीफ।** भाजपा हटाओ देश बचाओ बिहार से उठी आवाज खत्म करो बुलडोजर राज आतंकवादी देशद्रोही कह कर



मुस्लिमों को प्रताड़ित करना बंद करो आदि नारों के साथ फुलवारीशरीफ में सांप्रदायिकता विरोधी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने राजनीतिक दलों से आह्वान किया है कि जिस तरह सीबीआई और ईडी का गलत इस्तेमाल करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार लोगों को प्रताड़ित कर रही है, उसी तरह एनआईए की टीम किसी खास वर्ग और समुदाय को टारगेट कर राजनीतिक कठपुतली बनकर परेशान करने का काम कर रही है।

कामरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि सीबीआई और ईडी की तरह ही एनआईए की छापेमारी का भी तमाम विपक्षी राजनीतिक दल विरोध करना शुरू करें।

फुलवारीशरीफ में किसान पैराडाइज उत्सव हॉल में खचाखच भरे हजारों की तादाद में उमड़ा जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली से भाजपा की सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकना है, इसके लिए बिहार से शुरुआत हो गयी है। सांप्रदायिकता विरोधी सम्मेलन में भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि बुलडोजर राज के खात्मे के लिए गरीबों को ताकत व एकजुटता के साथ वोटों के बिखराव को रोकना और तमाम समान विचारधारा वाले दलों के लोगों को आगामी होने वाले चुनाव में मजबूती से जीता कर भाजपा को परास्त करना होगा।

# खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए डीएम ने बनाये 14 छापामार दल

**पटना ( आससे )।** खाद की कालाबाजारी, मुनाफाखोरी एवं नीम कोटेड यूरिया का औद्योगिक व गैर कृषि उपयोग रोकने पर नियंत्रण हेतु डीएम चन्द्रशेखर सिंह के निर्देश पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इसके लिए अनुमण्डल स्तर पर निरीक्षण दल का गठन किया गया था। कुल 14 छापामारी दल में 33 पदाधिकारियों को तैनात किया गया था। पटना सदर अनुमंडल में एसडीओ पटना सदर सहित अन्य पदाधिकारी,पटना सिटी अनुमंडल में एसडीओ पटना सिटी सहित अन्य पदाधिकारी,बाढ़ अनुमंडल में एसडीओ बाढ़ सहित अन्य पदाधिकारी, मसौढ़ी अनुमंडल में एसडीओ मसौढ़ी सहित अन्य पदाधिकारी तथा दानापुर अनुमंडल में एसडीओ दानापुर सहित अन्य पदाधिकारियों का छापामारी दल बनाया गया। छापामारी दलों द्वारा उर्वरक के थोक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं यूरिया को औद्योगिक गैर कृषि उपयोग को रोकने पर निरीक्षण किया गया। थोक विक्रेता द्वारा खुदरा विक्रेता को उपलब्ध कराये गये उर्वरक की मात्रा, उर्वरक का दर एवं वाहन का भाड़ा के संबंध में विस्तृत जाँच की गई। स्टॉक पंजी, कैश मेमो एवं अनुज्ञप्ति की वैधता की तिथि की भी जाँच हुई। निरीक्षी पदाधिकारी को यह भी प्रतिवेदित करना है कि बड़े क्रेताओं द्वारा आवश्यकता अनुसार ही उर्वरक का उठाव किया गया है अथवा नही। निरीक्षण दल द्वारा अपने क्षेत्र के खुदरा उर्वरक विक्रेता के बड़े क्रेताओं द्वारा विगत एक माह में किये गए क्रय की भी जाँच कर प्रतिवेदन समर्पित की जाएगी। किसी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर उर्वरक नियंत्रण के तहत स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। डीएम डॉ सिंह ने कहा कि जनहित में जिला प्रशासन द्वारा नियमित तौर पर योजनाओं, कार्यक्रमों एवं लोकोपयोगी प्रतिष्ठानों की जांच कराई जाती है। सरकार के विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# कबीरपना को जान लीजियेगा तो पूज्य रहियेगा : न्यायमूर्ति राजेन्द्र

## द्विदिवसीय वार्षिक संत सम्मेलन आरंभ

**पटनासिटी ( आससे )।** कबीरपंथी मठ चकनूरी बोरीभट्ठी में आरम्भ हुआ द्विदिवसीय वार्षिक संत सम्मेलन। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेन्द्र प्रसाद ने कहा-सद्गुरु कबीर कस ज्ञान इतना उच्च स्तर का है कि वे धन, बल, पद में विश्वास नहीं करते। सद्गुरु कबीर की शिक्षा है कि शरीर के साथ कैसे रहा जाए। वाणी के लिए उनका उपदेश है -

ऐसी वाणी बोलिए मन कस आपा खोय।

औरों को शीतल करे आपहुँ शीतल होय।।

इसे आत्मसात करने से शरीर दु:खनहीं देगा। सद्गुरु कबीर साहेब ने कहा कि सत्य को स्वीकार करो। सत्य के साथ होना ही सत्संग है। सद्गुरु कबीर साहेब ने बताया कि जो कुछ भी दिखायी देता है वह समाप्त होनेवाला है। जो दिखायी नहीं देता है वह अविनाशी है। सम्मेलन में उपस्थित संत समाज को संकेत करते हुए न्यायमूर्ति ने कहा



आप स्वयं कबीर हैं। कबीरपना को जान लीजिएगा तो पूज्य रहिएगा।

मठ के महन्थ मनभंग दास शास्त्री ने न्यायमूर्ति सहित सम्मेलन में आये संतों का सम्मान किया और कहा कि इस सम्मेलन के आयोजन से शुद्ध सात्विक मानवीय भावना का संचार होगा,आपसी भेद भाव , ईर्ष्या, द्वेष आदि की दुर्भावना मिटेगी और आपसी सामाजिक सौहार्द बढ़ेगा।

उद्घाटन के बाद संत महात्माओं का सत्संग एवं कबीर भजन आरम्भ हुआ।

वाराणसी के महंथ मुक्तिदास शास्त्री, महंथ सियाराम शरण दास, इलाहाबाद के महंथ महेश्वर दास, दिल्ली के महंथ भजनु प्रताप, नरपतगंज अररिया के महंथ महेंद्र दास, फारबिसगंज के महंथ गिरिजनन्द, कटिहार के महंथ रामकृपाल दास , कंसारी के सन्त उमादास, तारतर मोड़ पटना के वृजनन्दन दास, समस्तीपुर के महंथ भाग्य नारायण दास ने सारगर्भित सत्संग से कबीर ज्ञान चेतना का अलख जगाया। यशस्वी कबीर गायिका समस्तीपुर की हीरा दासिन, समस्तीपुर की सोना दासिन, भभुआ की उमरावती देवी की मंडली ने कबीर भजनों की झड़ी लगाकर भक्तिभाव का अलख जगाया। मठ के छोटा महंथ चंदन दास ने आरम्भ में सद्गुरु कबीर साहेब की पूजा अर्चना करके सम्मेलन का मंगलाचरण किया।

# परब्रह्म परमात्मा हमारे भीतर ही हैं : ब्रजेश मुनि

**पटना ( आससे )।** मीठापुर स्थित कबीरपंथी आश्रम में कबीर साई के सानिध्य में साप्ताहिक सत्संग भजन का आयोजन हुआ। इसमें महंत ब्रजेश मुनि ने कहा कि मो को कहाँ ढूंढे रे बंदे मैं तो तेरे पास में सद्रु सीख देते हैं कि परब्रह्म परमात्मा हमारे भीतर में ही विराजमान है। परमात्मा को तीर्थों में ढूंढने की जरूरत नहीं है। सदुरु कबीर साहेब की उक्ति है आतम ज्ञान बिना नर भटकै को मथुरा को काशी रे, पानी में मीन पियासी कबीर साहेब आत्मा से परमात्मा को जोड़े रखने की सीख देते हैं। अपने ज्ञान में स्थित रहने से आत्मज्ञान प्राप्त होता है। मानव जीवन का उद्देश्य और कर्तव्य आदि को स्वयं महसूस किया जा सकता है। इसके अभाव में ही जीवन में आत्मज्ञान कुंठित होजाती है, तभी अंधविश्वास का भ्रम उत्पन्न होता है। कबीर मानव समाज को उस भ्रम से उठाकर श्रेष्ठ मानव जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर डॉ इंद्रजीत कुमार की ओर से कबीर साई डेंटल हॉस्पिटल मेनिशुल्क डेंटल चेकअप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रम के संत विवेक मुनि महेश मुनि, कृष्ण मुनि, कौशल मुनि, आदि उपस्थित थे।

**सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब**
**( आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )**
**ब अदालत सिविल जज सब**
**( सी.डि. ) जिला वाराणसी**
**नम्बर मुकदमा 287 सन् 2022 ई.**
**फुलचन्द वगैरह बनाम वरूण शान्ति**
**बनाम**-वरूण शान्ति होम्स प्रा.लि. पंजीकृत कार्यालय 3/2 महेश नगर पटना राज्य बिहार जरिये निदेशक श्रीमती तारा सिंह पत्नी श्री पंकज कुमार सिंह निवा. सिनी 3/2 महेश नगर जिला पटना राज्य बिहार। **ता.पेशी 12.09.2022**

हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12 माह 9 सन् 2022 ई. बरिवक्त बजे अदालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा ने करार वाकई किया गया हो और कुल उमरात अदम मुतालिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके पास और कोई शख्स जो कि जबाब दे सके या जिसके पास और कोई शख्स जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो जबाबदेही दावा भी करे। मगर आपको लाजिम है किसी रजिजुमला दस्तावेज पेशकरदा पेश करे जिसमें आप तवाहये अपनी जबाबदेही इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप तवाहये अपनी आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको मसमूषा फैसला होगा। मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज बतारीख .... माह .... सन् 2022 ई. को जारी किया गया।

**मुहर अदालत**

# खेतबा के डरिया, चलेलि गुजरिया, मन ही में करत किलोल

### सम्मेलन में लोक-भाषा कवि-सम्मेलन

**पटना ( आससे )।** खेतबा के डरिया चलेलि गुजरिया, मन ही में करत किलोल। पिया मोर सुनर चढल जवानिया, बोले निर्मोही मीठे बोल। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने अपने अध्यक्षीय काव्य-पाठ में जैसे ही ये पंक्तियाँ सस्वर पढ़ी की पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट और %वाह-वाह% और 'आह-आह' के स्वर से गूंज उठा। अवसर था लोक-भाषा कवि-सम्मेलन का, जो हिन्दी पखवारा के आठवें दिन आयोजित हुआ।

कवि सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। इसके पश्चात लोकधुन और लोकरंग की एक ऐसी सतरंगी धारा बही कि देर संध्या तक सम्मेलन बिहार की माटी की सुगंध के साथ उसमें डूबा रहा।



श्रोताओं को प्रेम, विरह, मिलन, समर्पण, उलाहना, समेत कवि-मन के अनेक भावों की रचानाएँ सुनने को मिली।

सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद के इस भोजपुरी ग़ज़ल को श्रोताओं ने दिल से लगाया कि जेतना हमरा के रउआ पियार करीले,ओतना रउआ के हमहु दुलार करीले। इयाद आइले रउआ बहुत बेर-बेर, हम भुलावे के जेतना विचार करीले।

पं गणेश झा ने मैथिली में अपने गीत में यह पूछा कि की करब पहिर गहना ललना? वरिष्ठ कवि बच्चा ठाकुर ने मैथिली की महिमा गाते हुए कहा कि अटल भारत चमकि दमक क। मैथिली राशि ऐहन निर्मल।

सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा ने भोजपुरी में अपनी रचना पढ़ते हुए कहा कि 'छूटल न नेहिया के धार हो अंगनइया के बाँह में। ननद भउजिया के कजरी भुलाइल, बउराइल दिनवा फेरु नाही आइल।

कवयित्री डा पूनम आनंद ने भोजपुरी में, अपनी रचना' लिलरा में साट के टिकुलिया माई चंद्रमा निरेखर हो। उड़े ख़ातिर पाँख चाहीं या कवनो विचार हो।

कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने भोजपुरी में कहा कि पियवा के पाई पाती ख़ुशी के जरल बाती। मनवा में टह-टह अंजोर हो गइल। नेहाल कुमार सिंह %निर्मल% ने बज्जिका में यह रचना पढ़ी कि सतरंगी संस्कृति के शोभा हर्षित जगत निहार के। बज्जिकांचल के पावन धरती कीर्तिलता विशाल के।

# डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए सभी निरोधात्मक कार्य करें : डीएम

पटना (आससे)। डीएम डा चन्द्रशेखर सिंह ने डेंगू एवं चिकनगुनिया के रोकथाम के लिए सभी तरह के निरोधात्मक एवं सतर्कतामूलक कार्रवाई करने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, रेफरल अस्पतालों तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रैपिड रिस्पॉन्स टीम को सतत सक्रिय रखें। वे इस विषय पर आयोजित इस बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। डीएम डॉ सिंह ने कहा कि बरसात के मौसम में डेंगू एवं चिकनगुनिया का प्रकोप बढ़ने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा डेंगू के इस वर्ष अभी तक 128 मामले एवं चिकनगुनिया के 3 मामले आए। फागिंग एवं टेमीफॉस के छिड़काव से डेंगू एवं चिकनगुनिया के कम मामले आए हैं। अन्तर्विभागीय समन्वय द्वारा डेंगू एवं चिकनगुनिया के प्रसार पर नियंत्रण लगाया जा सकता है। सभी नगर निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, स्वास्थ्य विभाग, पीएचईडी तथा ग्रामीण विकास विभाग सहित सम्बद्ध विभागों के पदाधिकारियों को सार्थक समन्वय स्थापित करते हुए प्रतिबद्ध रहना होगा। डीएम डॉ सिंह ने डेंगू एवं चिकनगुनिया, बुखार के क्लिनिकल प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय दिशा निदेशों के अनुरूप प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का निदेश दिया है। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि इन बीमारियों के लक्षणों एवं क्या करें, क्या ना करें का बृहत् का स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए। डेंगू एवं चिकनगुनिया को नियंत्रित करने के लिए संदिग्ध मरीजों की निगरानी रखना आवश्यक है। डीएम डॉ सिंह ने कहा कि डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव हेतु जन जागरूकता उत्पन्न करने के लिए वृहत प्रचार प्रसार किया गया है।

**ग्राम पंचायत राज-खांजहाँपुर**
**प्रखंड-चेरिया बरियारपुर, जिला-बेगूसराय**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित सामग्रियों के लिए अधिकृत विक्रेताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित किए जाते हैं। सामग्री व उपकरण का विवरणः-(१) ऐसी एलजी १.५ टन, (२) फेन ५० नोज, (३) इंवर्टर ३ नोज, (४) ट्यूबलर बैटरी ३ नोज, (५) टियूब लाइट २० वाट ६० नोज, (६) गोदरेज २ नोज, (७) हाईमास्ट लाइट १ नोज, (८) टेबल २ नोज, (९) चेयर प्लास्टिक ५० नोज, (१०) साउंड सेट १ नोज, (११) त्रिपाल २ नोज (१२) दरी ५ नोज । निविदा कि तिथि :- दिनांक ०९.०९.२०२२ से ११.०९.२०२२ तक कार्यालय अवधि के दौरान प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार पंचायत कार्यालय को सर्वथा सुरक्षित रहेगा।

**मनोज कुमार**
**पंचायत सचिव**

**ज्ञानकला सिंह**
**मुखिया**

**वर्गीकृत**

**शपथ पत्र**

मैं श्रीमति देवी पुत्र सर्विस संख्या 15213955H रैंक L/NK सतिश कुमार दूबे (सेवानिवृत) निवासी-सरेयाँ पहाड़, पो.-बरहिमा, थाना-सिधवलिया, जिला-गोपालगंज बिहार शपथ पत्र संख्या 147/11.07.2022 द्वारा सूचित करती हूं कि मेरे लड़के के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम मती देवी एवं जन्मतिथि 01.07.1950 दर्ज हो गया है, जो गलत है। सही नाम श्रीमति देवी एवं जन्मतिथि 15.08.1950 है जो आधारकार्ड पर अंकित है।

**AFFIDAVIT**

I, Shrimati Devi S/O Service No. 15213955H Rank L/NK Satish kumar Dubey (Retd) R/o. Sareya Pahar P.O. Barahima. P.S.- Sidhwalia. Dt. Gopalganj Bihar State that My name written on my Son's Service record as Mati Devi and DOB. 01.07.1950 which is wrong. My Correct Name is Shrimati Devi and DOB. 15.08.1950 which is mentioned on Adhar Card. Aff. No. 147/11.07.2022

**शपथ पत्र**

मैं, अनिल कुमार, पिता-बबन सिंह, ग्राम-हरदियाँ, पो-हरदियाँ, थाना-जगदीशपुर, जिला-भोजपुर, बिहार शपथ पत्र संख्या 1046/26.8.22 द्वारा सूचित करता हूं कि अनिल साह तथा अनिल कुमार एवं मेरे पिता बबन साह वो बबन सिंह दोनों नामों से जाने जाते हैं। दोनों नाम मेरे अलावा तथा मेरे पिता के अलावा अन्य किसी का नाम नहीं है मैं और मेरे पिता दोनों नामों से जाने व पहचाने जाते हैं। एलआईसी पॉलिसी संख्या-517801053/17.6.2011 है

9/482/22

**पाठकों से**

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

**प्रबंधक**

**शपथ पत्र**

मैं सिरीश कुमार शांडिल्य, पिता-श्री राम बहादुर राय, निवासी-ग्राम-जकड़पुरा (बीडीओ कार्यालय के पास), पो.-सूर्यगढ़ा, जिला-लखीसराय, बिहार सूचित करता हूं कि मेरे माध्यमिक एवं उच्चत्तर शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम सिरीश कुमार है। शपथ पत्र सं. -3115/25.8.22 द्वारा घोषणा करता हूं कि मैं सिरीश कुमार शांडिल्य के नाम से जाना व पहचाना जा रहा हूं और आगे भी जाना व पहचाना जाऊंगा।

**Declaration**

I Md Shahbaz Ahmad s/o Md Akhter, At-Pokharia, ward no-35, PS- Nagar, Dist-Begusarai, declared by affidavit that my true name is Md Shahbaz Ahmad which is mention in my Aadhar card no 387888906286 but in Educational certificate my name is mention as Shahbaz Ahmad. Md Shahbaz Ahmad and Shahbaz Ahmad both are my name and I also known as both name.

**अलखैर को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसइटी लिमिटेड**

**निबंधित कार्यालय-हारून नगर-2 फुलवारीशरीफ, पटना-801505**
**निबंधन संख्या-MSCS/CR/36/2002**

**सूचना**

अलखैर को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड की (21) इक्कीसवीं वार्षिक आमसभा के लिए आपको सूचित किया जा रहा है। इसकी पूरी जानकारी निम्नलिखित है:-

तिथि : **29/09/2022 ( गुरुवार )**
समय : **10:00 बजे सुबह से**
स्थान : **आई.एम.ए. हॉल गांधी मैदान पटना**

आप सभी सदस्य इस आमसभा में आमंत्रित हैं। इस आमसभा में आमंत्रित है। इस सभा की सूचना एवं कार्यक्रम सोसाइटी के सभी शाखा कार्यालय में लगा दी गई है।

**( नैयर फातमी )**
**प्रबंध निदेशक**

# भागलपुर के निगमायुक्त तलब

**पटना ( विधि सं )।** पटना हाईकोर्ट के समक्ष गुरुवार को भागलपुर के चर्चित सैनडिश कंपाउंड क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से किये गए निर्माण के मामलें पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय करोल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गोयनका की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अनाधिकृत निर्माणों पर फिलहाल रोक लगा दिया है।

साथ ही साथ कोर्ट ने भागलपुर निगम के निगमायुक्त को अगली सुनवाई में तलब किया है। याचिकाकर्ता की अधिवक्ता शिल्पी केशरी ने बताया कि भागलपुर में यह एक सार्वजानिक पार्क है। जहां पर, यहाँ के नागरिक टहलने, खेलने और मनोरंजन के लिए आते हैं। अधिवक्ता ने आगे बताया बताया कि कोर्ट ने इस मामलें पर वर्ष 2004 में भी सुनवाई की थी। कोर्ट ने पार्क के क्षेत्र के भीतर किसी तरह के निर्माण पर रोक लगा दिया था। कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पार्क को जिस उद्देश्य के लिए बनाया गया है, उसी के लिए उपयोग हो। उन्होंने बताया कि बाद में प्रशासन ने जन उपयोगी निर्माण के नाम पर कुछ निर्माण कार्य करने की अनुमति कोर्ट से ले ली, लेकिन बाद में अन्धाधुंध और मनमाने तरीके से निर्माण होने लगे, जिससे इस पार्क का उद्देश्य ही खत्म हो गया।

उन्होंने कोर्ट से अनुरोध किया कि भागलपुर नगर निगम को 29 सितम्बर, 2021 के कोर्ट के आदेश के पालन करने के सम्बन्ध में निर्देश दिया जाए। इस मामलें पर अगली सुनवाई अब अगले सप्ताह की जाएगी।

# उपयोगिता प्रमाण पत्र मामले में रिपोर्ट तलब

पटना( विधि सं )। पटना हाईकोर्ट के समक्ष गुरुवार को राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के अंतर्गत कालेजों द्वारा यूजीसी को उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं देने के मामलें पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय करोल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए यूजीसी को प्रस्तुत किए गए उपयोगिता प्रमाण पत्र की जांच कर, अगली सुनवाई में रिपोर्ट पेश करने को कहा है। जनहित याचिका वेटरनस फोरम ने दायर की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि जो धनराशि कालेजों को दी जाती है, इसकी जिम्मेदारी किसी के द्वारा नहीं लेना गंभीर मामला है। कोर्ट ने सभी विश्वविद्यालयों के वीसी और यूजीसी को हलफनामा दायर कर पूरी स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश भी दिया था। कोर्ट ने सभी विश्वविद्यालयों को दो दिनों के भीतर उपयोगिता प्रमाण पत्र यूजीसी के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि यूजीसी उसके बाद एक सप्ताह में कार्रवाई करेगा। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रितिका रानी ने कोर्ट को बताया कि राज्य में अंगीभूत और सम्बद्धता प्राप्त कालेजों की संख्या 325 है। इन कालेजों को काफी पहले यूजीसी ने जो अनुदान दिया था, उसके बहुत सारे मामलों में अभीतक उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं प्रस्तुत किया गया है।

उन्होंने कोर्ट को बताया कि राज्य के विभिन्न कालेजों द्वारा 124 करोड़ रुपए का उपयोगिता प्रमाण पत्र यूजीसी को प्रस्तुत नहीं किया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि यदि कालेजों द्वारा दो दिनों के भीतर उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं जमा किये गए तो सम्बंधित वीसी का वेतन रोक दिया जाएगा।

**In the Court of the District Judge 10th (M.C.A.T.) at Dhanbad**

**M.A. Claim Case No. 325/ 2019**

Ashok Thakur & ors---- Claimants

**Vrs**

Ratan Kumar & Ors---- Opposite Paty

To

Khushbu Devi, D/o Sunil Sharma R/o Vill.- Daulachak, P.O.- Tungi P.S.- Dip Nagar, (Ali Nagar) Bihar Sharif, Distt.-Nalanda (Bihar)

**NOTICE**

Where as the Plantiffs have field the above Case against you, for death Compensation of late Santu kumar thakur, U/ S 166 of the M.V. Act. and you are avoiding appearance in spite of issuance of summon by the court. Take notice therefore you are directed to appear in this case either personally or through advocate duly instructed and to file written statement if any on the date fixed on 27.09.22 at 10.30 AM failing which the above Case shall be decided Exparty in your absence. Given under my hand & seal of the court this the 11.07.22 day of 2022.

District Judge 10th Cum (Motor Accident Claim Tribunal) at Dhanbad

**ADITYA VISION LIMITED**
**CIN: L32109BR1999PLC008783**
**Registered Office: 01st, 02nd & 03rd Floor, Aditya House, M-20, Road No. 26, S. K. Nagar, Patna-800001, Bihar**
**Tel No. +91-612-2520874/54, Email: cs@adityavision.in, Website: www.adityavision.in**

**NOTICE TO SHAREHOLDERS**

NOTICE is hereby given that the **Twenty Third (23rd Annual General Meeting** of the Company will be held on Friday, 30th September 2022 at 04:30 PM through Video Conference ("VC")/ Other Audio Visual Means ("OAVM") to transact the business as set out in the Notice of the AGM in accordance with the Circular issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA) vide its General Circular No. 14/2020 dated April 8, 2020, General Circular No. 17/2020 dated April 13, 2020, General Circular No. 20/2020 dated May 5, 2020, General Circular No. 22/2020 dated June 15, 2020, General Circular No. 33/2020 dated September 28, 2020, General Circular No. 39/2020 dated December 31, 2020, Circular no. 02/2021 dated January 13, 2021 and Circular No. 2 dated May 5, 2022 (collectively "MCA Circulars") and Securities and Exchange Board of India ("SEBI") vide its circular no. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated May 12, 2020, circular no. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 dated January 15, 2021 and SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 dated 13th May 2022 (collectively "SEBI Circulars"),the Notice of AGM has been sent to all Members on Thursday, 08th September, 2022 through electronic mode to those Members whose email addresses are registered with the company/ Depository. The Annual Report for Financial Year 2021-22 is available and can be downloaded from Company's Website www.adityavision.in and website of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited at www.bseindia.com.

The Register of Members and Share Transfers Books of the company will remain closed from **Saturday, 24th September, 2022 to Friday, 30th September, 2022** (both inclusive) in terms of provision of Section 91 of the Companies Act, 2013 for the purpose of AGM.

In compliance with the Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules 2014, as amended from time to time and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Members are provided the facility to cast their votes on all resolutions set forth in the Notice of AGM using electronic voting system (e-voting) provided by CDSL. The voting rights of Members shall be in proportion to the equity shares held by them in the paid-up equity share capital of the Company as on Friday, September 23,2022 (cut-off date).

The remote e-voting period commences on Tuesday September 27, 2022 at 9.00 a.m. and ends on Thursday September 29, 2022 at 5.00 p.m. During this period, Members may cast their vote electronically. The Remote e-voting module shall be disabled by CDSL thereafter. Members, who shall be participating in the AGM through VC/OAVM facility and had not cast their vote through remote e-voting and are otherwise not barred from doing so, shall be eligible to vote through remote e-voting system during the AGM.

Members who cast their votes by remote e-voting system prior to the AGM may also attend/ participate in the AGM through VC/OAVM but shall not be entitled to cast their vote again.

Any person, who acquires shares of the Company and becomes a Member of the Company after the Notice has been sent electronically and holds shares as of the cut-off date may obtain the Login ID and password by sending the request to helpdesk.evoting@cdslindia.com. However, if he/she is already registered with CDSL for remote e-voting then he/she can use his or her existing User ID and Password for casting the votes.

If you have not registered your email address with the Company/Depository, you may please follow below instructions to register your email address for obtaining login details for e-voting:-

| | |
|---|---|
| Physical Mode Holding | Send scanned copy of the following documents by email to Register and Share Transfer Agent/Company at investor@cameoindia.com or cs@adityavision.in :- a. Signed request letter mentioning name of Shareholder, Folio No. and Complete address; b. Scanned copy of the share certificate (front and back) and c. Self-attested copy of PAN Card and Aadhar Card |
| Demat Holding | Please contact your Depository Participant (DP) and register your email address in your demat account, as per the process advised by your DP |

In case you have any queries regarding e-Voting, you may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-Voting manual available at www.evotingindia.com, under help section or write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or call 1800225533.

**For Aditya Vision Limited**
**Sd/-**
**Akanksha Arya, Company Secretary**

**Place: Patna**
**Date: September 08, 2022**